उत्तर प्रदेश शासन
भाषा (उर्दू) अनुभाग-2
संख्या-5/105/इक्कीस-उर्दू-2-2014(116/2011)
लखनऊ दिनांकः 12 दिसम्बर,2014

सचिवालय के समस्त अधिष्ठान से सम्बन्धित अनुभाग/सचिव विधान सभा/सचिव विधान परिषद-

गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी भाषा विभाग के नियन्त्रणाधीन जूनियर हाई स्कूल/हाई स्कूल स्तर की उर्दू की वैकल्पिक प्रवीणता परीक्षा योजना के अन्तर्गत सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उत्तर प्रदेश इलाहाबाद द्वारा दिनांक 20, 21, एंव 22 जनवरी, 2015 को एक परीक्षा आयोजित की जा रही है। इस परीक्षा में सभी शासकीय/राज्य कर्मचारी/निगम/स्थानीय निकाय कर्मचारी सम्मिलित हो सकते हैं। जूनियर हाई स्कूल तथा हाई स्कूल स्तर की उर्दू की वैकल्पिक प्रवीणता परीक्षा से सम्बन्धित प्रेस विज्ञप्ति एंव सादे आवेदन पत्र आवश्यक निर्देशों सहित आपको इस आशय से प्रेषित किये जा रहे हैं कि आप इसे अपने विभाग के समस्त अनुभागों में परिचालित कराने का कष्ट करे, ताकि इच्छुक अधिकारी/कर्मचारी उक्त महत्वपूर्ण परीक्षा में भाग ले सकें। उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए सादे आवेदन पत्र एंव नियमादि भाषा (उर्दू) अनुभाग-2 में व्यक्तिगत रूप से भी प्राप्त किये जा सकते हैं। निर्धारित प्रोफार्मा में भरे हुए आवेदन-पत्र संबंधित कार्यालयाध्यक्ष द्वारा अग्रसारित होकर दिनांक 07 जनवरी,2015 तक सचिव, परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उत्तर प्रदेश इलाहाबाद के कार्यालय में पहुंच जाने चाहिए।

संलग्नकः यथोक्त।

(शाहिद अली)
अनु सचिव(भाषा)

http://shasanadesh.up.nic.in